# युवा स्वाभिमान साइकिल यात्रा आष्टा पहुंची

## जीतू पटवारी बोले– आखिर युवाओं के भविष्य के साथ कब तक होगा खिलवाड़?

### बुधवारा में इमरती खाई, सुभाष चौक पर नेताजी की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण; कांग्रेस नेताओं का जगह-जगह स्वागत



**आष्टा।** मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी के नेतृत्व में निकाली जा रही युवा स्वाभिमान साइकिल यात्रा मंगलवार शाम आष्टा पहुंची। यात्रा के आगमन पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने नगर के विभिन्न स्थानों पर भव्य स्वागत किया। यात्रा में

पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा सहित बड़ी संख्या में युवा कार्यकर्ता एवं कांग्रेस नेता शामिल हुए।

यात्रा के दौरान प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने बुधवारा क्षेत्र में पहुंचकर स्थानीय लोगों से मुलाकात की और पारंपरिक इमरती का स्वाद लिया। इसके बाद उन्होंने सुभाष चौक पहुंचकर नेताजी सुभाषचंद्र बोस की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर पूर्व कैबिनेट मंत्री सज्जनसिंह वर्मा, यूथ कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष सहित कांग्रेस के कई वरिष्ठ पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि और कार्यकर्ता यात्रा में शामिल रहे। नगर भ्रमण के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने फूल-मालाओं से नेताओं का स्वागत किया तथा जगह-जगह स्वागत मंच लगाए गए।

यात्रा के दौरान जीतू पटवारी ने प्रदेश सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि प्रदेश का युवा आज अपने भविष्य को लेकर चिंतित है। उन्होंने सवाल उठाते हुए कहा कि ÷आखिर युवाओं के भविष्य के साथ कब तक खिलवाड़ होता रहेगा? प्रदेश में बार-बार पेपर लीक की घटनाएं क्यों हो रही हैं और दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई क्यों नहीं की जाती?÷

उन्होंने कहा कि प्रतियोगी परीक्षाओं की पारदर्शिता बनाए रखना सरकार की जिम्मेदारी है। यदि युवाओं की मेहनत और भविष्य के साथ लगातार खिलवाड़ होता रहा तो यह प्रदेश के लिए गंभीर चिंता का विषय है। उन्होंने युवाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक रहने का आह्वान करते हुए कहा कि कांग्रेस युवाओं की आवाज बनकर उनके हितों के लिए संघर्ष करती रहेगी।

यात्रा गोकुलधाम भी पहुंची, जहां कार्यकर्ताओं और नागरिकों ने नेताओं का स्वागत किया। इसके बाद यात्रा का रात्रि विश्राम भगवती पैलेस, कन्नौद रोड, आष्टा में हुआ।

युवा स्वाभिमान साइकिल यात्रा के माध्यम से कांग्रेस प्रदेशभर में युवाओं से संवाद स्थापित कर रोजगार, शिक्षा, प्रतियोगी परीक्षाओं में पारदर्शिता तथा अन्य जनसरोकारों से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठा रही है।



# ग्राम धतुरिया से दस्तक अभियान की शुरुआत, स्वास्थ्य व्यवस्थाओं पर कलेक्टर डॉ. मिश्रा का सख्त एक्शन

## विटामिन–ए पिलाकर किया अभियान का शुभारंभ, एएनसी पंजीयन में लापरवाही मिलने पर वेतन वृद्धि रोकने, वेतन कटौती, निलंबन और सेवा समाप्ति के दिए निर्देश

**राजगढ़।** जीरापुर विकासखंड के ग्राम धतुरिया में मंगलवार को कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने बच्चों को विटामिन–ए की खुराक पिलाकर दस्तक अभियान का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित विभिन्न गतिविधियों एवं सेवाओं का गहन निरीक्षण किया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए।







निरीक्षण के दौरान कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने एएनसी पंजीयन, लक्ष्य दंपत्ति पंजीयन, एएनएम एवं आशा कार्यकर्ताओं के रिकॉर्ड, विवाह पंजीयन, दस्तक अभियान की ड्यू लिस्ट तथा जिंक एवं ओआरएस की उपलब्धता की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने महिला एवं बाल विकास विभाग, पंचायत विभाग के अधिकारियों तथा ग्रामीणों से सीधे संवाद कर स्वास्थ्य सेवाओं की जमीनी स्थिति की जानकारी ली और अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर दिया।निरीक्षण के दौरान जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. शेख जलालुद्दीन, डीसीएम श्री सुनील वर्मा, बीपीएम श्री सुरेश पटेल एवं बीसीएम श्री सुनील नामदेव भी उपस्थित रहे।

इसके बाद कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने रामगढ़ सहित अन्य क्षेत्रों का भ्रमण कर स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा की। निरीक्षण में एएनसी पंजीयन की प्रगति संतोषजनक नहीं मिलने पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए। एएनएम श्रीमती हेमलता वर्मा एवं श्रीमती कृष्णा कुम्भकार की एक-एक वेतन वृद्धि रोकने, आशा सुपरवाइजर श्रीमती सीमा दांगी की प्रोत्साहन राशि रोकने, आंगनवाड़ी पर्यवेक्षक श्रीमती दिलेश्वरी के निलंबन तथा सीडीपीओ श्रीमती ममता वर्मा को तीन दिन के भीतर एएनसी सर्वे पूर्ण कर प्रगति लाने के निर्देश दिए। निर्धारित समय में सुधार नहीं होने पर निलंबन की कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए।इसके अलावा अनुपस्थित आउटसोर्स कर्मचारी श्री महेंद्र गुर्जर की सेवा समाप्त करने, उप स्वास्थ्य केंद्र खेजड़िया के सीएचओ श्री हरीश लोधा एवं खारपा के सीएचओ श्री रोशन सिंह गुर्जर का तीन दिन का वेतन काटने तथा ग्राम धतुरिया की एएनएम श्रीमती संगीता मालवीय एवं सीएचओ श्रीमती मनीष मालवीय का भी तीन-तीन दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए।

कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने स्पष्ट कहा कि स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को दस्तक अभियान के लक्ष्यों की समयबद्ध पूर्ति सुनिश्चित करने तथा प्रत्येक पात्र हितग्राही तक स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ पहुंचाने के निर्देश दिए।

# रायसिंह मेवाड़ा बोले– भाजपा सरकार जन्म से अंतिम समय तक नागरिकों के साथ

## प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 370 हितग्राहियों को मिले स्वीकृति पत्र



**आष्टा।** प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत नगर के 370 पात्र हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र वितरित किए गए। कम्युनिटी हॉल परिसर में आयोजित समारोह में नपाध्यक्ष श्रीमती हेमकुंवर मेवाड़ा मुख्य अतिथि रहीं। कार्यक्रम में नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मार्गदर्शन में भाजपा सरकार विकास के साथ-साथ जन्म से लेकर जीवन के अंतिम समय तक नागरिकों के सुख-दुख में सहभागी बनकर कार्य कर रही है।

कार्यक्रम की शुरुआत में मुख्य नगर पालिका अधिकारी (सीएमओ) विनोद कुमार प्रजापति ने अतिथियों का स्वागत किया। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना की द्वितीय कार्ययोजना के तहत 370 पात्र हितग्राहियों को आवास का लाभ प्रदान किया जा रहा है। रायसिंह मेवाड़ा ने कहा कि भाजपा सरकार ÷सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास÷ के संकल्प के साथ समाज के अंतिम छोर पर खड़े गरीब एवं वंचित परिवारों तक जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचा रही है। उन्होंने कहा कि पहली बार इतने बड़े स्तर पर पारदर्शी तरीके से गरीब और आवासहीन परिवारों को पक्के घर उपलब्ध कराने का कार्य किया जा रहा है। समारोह में नपाध्यक्ष श्रीमती हेमकुंवर मेवाड़ा, रायसिंह मेवाड़ा एवं जनप्रतिनिधियों ने हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र वितरित किए। स्वीकृति पत्र प्राप्त कर हितग्राहियों ने प्रसन्नता व्यक्त की और शासन के प्रति आभार जताया। नपाध्यक्ष ने हितग्राहियों से गुणवत्तापूर्ण निर्माण कर समय-सीमा में आवास पूर्ण करने का आग्रह किया।

सीएमओ विनोद कुमार प्रजापति ने बताया कि योजना के प्रथम चरण में नगर के लगभग दो हजार पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित किया जा चुका है। द्वितीय चरण में 919 पात्र हितग्राहियों का चयन किया गया है तथा सभी के बैंक खातों में प्रथम किश्त की राशि भी अंतरित की जा चुकी है। उन्होंने बताया कि भूमिहीन एवं आवासहीन पात्र परिवारों को लाभ देने के लिए नगरपालिका की एएचपी (अफोर्डेबल हाउसिंग इन पार्टनरशिप) कार्ययोजना स्वीकृत हो चुकी है। शासन स्तर पर भूमि आवंटन की प्रक्रिया जारी है।भूमि उपलब्ध होते ही नगरपालिका द्वारा आवास निर्माण कर पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित किया जाएगा।

इस अवसर पर नपा उपाध्यक्ष प्रतिनिधि भूरू खां, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष प्रतिनिधि विशाल चौरसिया, रूपेश राठौर, पार्षद डॉ. सलीम खान, कमलेश जैन, राजकुमार मालवीय, मेहमूद अंसारी, शेख रईस, रवि शर्मा, लता तेजपाल मुकाती सहित बड़ी संख्या में हितग्राही एवं नगरपालिका कर्मचारी उपस्थित रहे। आभार प्रदर्शन सीएमओ विनोद कुमार प्रजापति ने व्यक्त किया।

# जनसुनवाई में सुनी गई आमजन की समस्याएं



**राजगढ़।** जिला मुख्यांलय पर प्रति मंगलवार को आयोजित होने वाली जनसुनवाई में आमजन की समस्यायओं का निराकरण किया जाता है। आयोजित मुख्यु कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. इच्छित गढ़पाले, अपर? कलेक्टकर श्री प्रताप सिंह चौहान, संयुक्त0 कलेक्ट र श्री विरेन्द्रय सिंह दांगी, डिप्टीर कलेक्टलर डॉ. ज्यौ्ति राजोरे सहित संबंधित विभागीय अधिकारी मौजूद थे।

आयोजित जनसुनवाई में ग्रामटांडी खुर्द निवासी मोरसिंह ने बताया कि आवेदक की भूमि पर अनावेदको द्वारा रास्तां बंद कर दिया गया हैं। आवेदक को कृषि भूमि पर जाने नहीं दिया जा रहा हैं। आवेदक को काफी परेशानिया हो रही हैं। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत द्वारा तहसीलदार कालीपीठ को आवश्याक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। ग्राम पिपलिया रसोडा निवासी बद्रीप्रसाद ने बताया कि ग्रामीण यांत्रिकी सेवा (आरईएस) विभाग द्वारा शासकीय भूमि से नाली निर्माण न करते हुए आवेदक की निजी भूमि से नाली निर्माण किया गया। नाली निर्माण से आवेदक अपनी निजी भूमि पर खरीफ फसल की बुवाई करने में असमर्थ हैं। आवेदक की कृषि भूमि पर आने जाने का रास्ता बंद हो गया हैं। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत द्वारा ईई आरईएस को आवश्य?क कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। इस अवसर पर 120आवेदन प्राप्तश हुए।

# दो नई डायलिसिस मशीनों से बढ़ी उपचार क्षमता, अब अधिक मरीजों को समय पर मिल रहा जीवनदायी इलाज

## जीवन की नई आस बनी जिला अस्पताल की डायलिसिस सेवा




**राजगढ़।** कभी किडनी रोगियों को डायलिसिस के लिए लंबी प्रतीक्षा करनी पड़ती थी। कई मरीजों को मजबूरी में निजी अस्पतालों का रुख करना पड़ता था, जिससे आर्थिक बोझ के साथ समय और मानसिक तनाव भी बढ़ता था। लेकिन अब जिला अस्पताल राजगढ़ ने स्वास्थ्य सेवाओं में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए दो नई डायलिसिस मशीनें शुरू कर दी हैं। इसके साथ ही अस्पताल में डायलिसिस मशीनों की संख्या बढ़कर छह हो गई है, जिससे मरीजों को पहले की तुलना में कहीं अधिक बेहतर, त्वरित और गुणवत्तापूर्ण उपचार मिल रहा है।

किडनी रोगियों के लिए नियमित डायलिसिस जीवन की अनिवार्य आवश्यकता होती है। उपचार में थोड़ी भी देरी मरीज के स्वास्थ्य पर गंभीर प्रभाव डाल सकती है। नई मशीनों के शुरू होने से अब अधिक मरीजों का समय पर डायलिसिस किया जा रहा है तथा प्रतीक्षा अवधि में उल्लेखनीय कमी आई है। इससे मरीजों और उनके परिजनों को बड़ी राहत मिली है।जिला अस्पताल प्रबंधन के अनुसार मशीनों की संख्या बढ़ने से जिले के दूरस्थ क्षेत्रों से आने वाले मरीजों को अब निजी अस्पतालों में महंगा उपचार कराने की आवश्यकता कम होगी। इससे गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों को आर्थिक राहत भी मिलेगी और उन्हें अपने जिले में ही बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध हो सकेंगी।

सेवाओं के शुभारंभ के बाद सिविल सर्जन एवं अस्पताल प्रबंधन द्वारा डायलिसिस वार्ड का निरीक्षण कर मशीनों की कार्यप्रणाली, मरीजों की सुविधा, साफ-सफाई, बिजली एवं पानी की उपलब्धता सहित सभी व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। साथ ही संबंधित अधिकारियों को मशीनों का नियमित रखरखाव सुनिश्चित करने तथा मरीजों को गुणवत्तापूर्ण एवं संवेदनशील स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए।आज जिला अस्पताल राजगढ़ केवल उपचार का केंद्र नहीं, बल्कि गंभीर बीमारियों से जूझ रहे मरीजों के लिए नई उम्मीद का प्रतीक बनकर उभरा है। डायलिसिस सेवाओं का यह विस्तार जिले की स्वास्थ्य व्यवस्था को और अधिक सशक्त, सुलभ तथा जनहितैषी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। मरीजों के चेहरों पर लौटती मुस्कान और समय पर मिल रहा उपचार इस पहल की वास्तविक सफलता की कहानी बयां करता है।

## पुरानी रंजिश को लेकर दो स्थानो पर हुई चाकूबाजी

**भोपाल।** शहर के छोला मंदिर थाना इलाके में पुरानी रंजिश को लेकर चाकूबाजी की घटनॉए सामने आई है। छोला मंदिर पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक अटल अयूब नगर में रहने वाला शाहरुख खान (34) ऑटो चलाता है। अपनी शिकायत में उसने बताया कि उसका दोस्त आफाक एक युवक से रंजिश रखता है। रविवार रात करीब साढ़े आठ बजे भानपुर ब्रिज के पास उसे आफाक, जहीर और शादाब मिले। आफाक ने उससे अपनी रंजिश वाले युवक के साथ घूमने की बात को लेकर विवाद करते हुए गाली गलौच करनी शुरु कर दी। जब फरियादी ने उसका विरोध किया तब आफाक और उसके साथियों ने उस पर चाकू से हमला कर दिया। वहीं शिव मंदिर के पास सोहनलाल कोरी पर पुराने विवाद में माखन उर्फ मलखान ने चाकू से हमला कर गंभीर रुप से घायल कर दिया।

## पुल की दीवार से टकराई बाइक, युवक की मौत, साथी घायल

**भोपाल।** बैरागढ़ थाना इलाके में बीती देर रात तेज रफ्तार से जा रहे दो युवको की बाइक सीपीओ रोड स्थित पुल की दीवार से टकरा गई। जानलेवा हादसे में 19 वर्षीय युवक की मौत हो गई, जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया जिसका उपचार जारी है। पुलिस के अनुसार सीहोर जिले के हिंबोनी गांव का रहने वाला सूरज मीना (19) अपने दोस्त सौरभ के साथ रविवार-सोमवार की दरमियानी रात करीब साढ़े बारह बजे बैरागढ़ रेलवे स्टेशन की ओर जा रहा था। रास्ते में सीपीओ रोड पर पुल के पास उनकी बाइक अचानक बेकाबू होकर पुल की दीवार से जा टकराई। भीषण एक्सीडेंट में सूरज की गंभीर चोटें ओन के कारण मौके पर ही मौत हो गई। वहीं सौरभ गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस का कहना है, कि एक्सीडेंट के सही कारणों का खुलासा घायल सौरभ के बयान दर्ज होने के बाद ही साफ हो सकेगा।

# मंगल प्रवेश, पर मुनि श्री 108 सुधा सागर जी महाराज का श्रद्धालुओं ने किया भावपूर्ण स्वागत





**सारंगपुर।** सकल दिगम्बर जैन समाज सारंगपुर के तत्वावधान में मंगलवार को परम पूज्य मुनि श्री 108 सुधा सागर जी महाराज ससंघ का नगर में भव्य एवं ऐतिहासिक मंगल प्रवेश हुआ। भावना होटल, गणेश विहार पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने महाराज की अगवानी कर जयघोष के साथ भावपूर्ण स्वागत किया।

अगवानी के पश्चात विशाल चल समारोह गणेश विहार से प्रारंभ होकर नया बस स्टैंड सहित नगर के प्रमुख मार्गों से होता हुआ स्थानीय मांगलिक परिसर पहुंचा। पूरे मार्ग में श्रद्धालुओं ने मुनिश्री के दर्शन कर धर्मलाभ प्राप्त किया। धार्मिक भजनों, जयघोष और श्रद्धा-भक्ति के वातावरण से नगर भक्तिमय हो उठा। मांगलिक परिसर में आयोजित धर्मसभा में मुनि श्री 108 सुधा सागर महाराज ने अपने प्रेरणादायी प्रवचनों में धर्म, संयम, सदाचार एवं आत्मकल्याण का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि मनुष्य जीवन का वास्तविक उद्देश्य आत्मा की शुद्धि एवं मोक्षमार्ग की ओर अग्रसर होना है। समाजजनों से धर्म के प्रति आस्था बनाए रखने, संस्कारों की रक्षा करने तथा सेवा, सद्भाव और संयमपूर्ण जीवन अपनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन सकल दिगम्बर जैन समाज सारंगपुर के अध्यक्ष मनोज जैन ने किया। इस अवसर पर मुनि श्री 108 सुधा सागर जी महाराज की आहारचर्या का लाभ विकास जैन (जेलर), निर्मल जैन एवं चंद्रकुमार जैन के निवास पर प्राप्त हुआ। वहीं मुनि संघ की आहारचर्या का सौभाग्य समाज अध्यक्ष मनोज जैन, अजय जैन वर्धमान सिंघई, सुरेश जैन, निर्मल जैन (मेडिकल), मयंक श्रीमाल सहित अनेक श्रद्धालुओं को प्राप्त हुआ। कार्यक्रम में महिलाओं, युवाओं एवं बच्चों की उल्लेखनीय सहभागिता रही। संपूर्ण आयोजन श्रद्धा, अनुशासन एवं भक्ति के वातावरण में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस अवसर पर बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

# आईएफएमआईएस केयर्स कैम्प अंतर्गत तकनीकी समस्याओं के निराकरण हेतु 16 व 17 जुलाई में विशेष कैंप आयोजन

**राजगढ़।** कलेक्टमर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा के निर्देशानुसार आईएफएमआईएस साफ्टवेयर के उपयोग में आने वाली तकनीकी समस्याओं के त्वरित निराकरण एवं आहरण संवितरण अधिकारियों को समाधान से अवगत कराने के उद्देश्य से कोषालय स्तर पर आईएफएमआईएस केयर्स कैम्पका आयोजन 16 एवं 17 जुलाई,2026 को किया जाएगा। समस्तम आहरण एवं संवितरण अधिकारी, आपके कार्यालय की आईएफएमआईएस साफ्टवेयर की पूर्व से प्रचलित व नवीन समस्याओं की सूची तैयार कर जिला कोषालय में 15 जुलाई, 2026 को पंजीकृत कराया जाना सुनिश्चित करें। कैप के दौरान प्रतिदिन की रिपोर्ट निर्धारित बिदुओं (प्रक्रियागत सुधार, साफ्टवेयर गैप आदि) के साथ जिला कोषालय अधिकारी कार्यालय को प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें। इस दौरान तकनीकी रूप से या अन्य स्थितियों में जो समस्याएं जिला कोषालय द्वारा निराकृत नहीं की जा सकेगी। उन्हेंय संयुक्त संचालक कोष एवं लेखा भोपाल को प्रतिवेदित किया जाएगा।